हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
26 फरवरी 2024, बरेली

PAGE NO, 08,BOTTOM

कॉमेडी-प्ले रांग टर्न का किया मंचन

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। श्रीराम मूर्ति स्मारक रिद्धिमा में रविवार को देहरादून के एकलव्य थियेटर ने कॉमिडी प्ले रांग टर्न का मंचन किया। रंजीत कपूर लिखित इस नाटक को ब्रजेश नारायण ने निर्देशित किया। बलात्कार जैसे जघन्य अपराध जो हमारे आस पास सुने और देखे जाते रहे हैं और इन घटनाओं के बाद हम सब सिर्फ मोमबत्तियां जलाकर इसका विरोध करते हैं। लेकिन ऐसे अपराधों के पीछे छिपी मानसिकता को बदलने का कभी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता।

इसमें सम्मानित फिल्म निर्माता राजवीर अवस्थी हैं, जो ऐसी विचारधारा को नष्ट करने का प्रयास करते हैं। राजवीर अभिनेता जिम्मी ओबराय को अपने मनाली स्थित घर पर बुलाते हैं और उससे अपनी फिल्म में अभिनय का प्रस्ताव रखते हैं। जिम्मी प्रस्ताव को स्वीकार करता है। राजवीर उसे फिल्म की कहानी सुनाते हैं और फिल्म की कहानी के जरिए जिम्मी के निजी जीवन को टटोलने की कोशिश करते हैं। क्योंकि राजवीर के अनुसार, जिम्मी ने राधिका नामक अभिनेत्री का बलात्कार किया होता है। जब जिम्मी उन्हें उस बलात्कार से जुड़ी कहानी को बयान करता है, तब वह उसे बताते हैं कि आपको किसी फिल्म के किरदार के लिए यहां नहीं बुलाया गया है। आपको यहां बुलाया है आपके कुकर्मों की सजा देने के लिए।

रिद्धिमा में रविवार को कॉमेडी प्ले रांग टर्न नाटक का एक दृश्य।